समाचार

राजस्व मंत्री ने किया सड़क नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन

कोरबा 28 फरवरी 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने शनिवार को घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक तक बीटी सड़क नवीनीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक तक 01 करोड़ 75 लाख 45 हजार रूपये की लागत से बीटी सड़क नवीनीकरण का कार्य किया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन शनिवार को प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया। उन्होने पट्टिका का अनावरण कर कार्य का श्रीगणेश कराया। इस मौके पर उन्हेने कहा कि अन्य विकास कार्यो के साथ–साथ कोरबा शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में सड़क निर्माण के कार्य प्राथमिकता के साथ कराए जा रहे हैं, कोरबा शहर की सभी प्रमुख सड़कों का नवीनीकरण हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण कोरबा जिले में सड़कों का जाल बिछने की कार्ययोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है, जिससे आवागमन की सुविधा अत्यंत सुगम हो जाएगी। मुझे प्रसन्नता है कि निगम विकास कार्यो के साथ–साथ आमजन की समस्याओं के निराकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है, लोगों की बरसों पुरानी समस्याएं दूर की जा रही हैं। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा निगम क्षेत्र के विकास के लिए लगातार आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। राजस्व मंत्री के मार्गदर्शन में ही पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र के विकास को जो गति दी गई थी, वह अपने आप में अतिमहत्वपूर्ण है, इस दौरान अनेक बड़ी उपलब्धियां कोरबा शहर को प्राप्त हुई, जिनसे आप सभी परिचित हैं। उन्होने आगे कहा कि निगम द्वारा एक ओर जहां सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं, उन्होने कहा कि आमजन की समस्याओं को उनके ही क्षेत्र में जा कर

सुलझाने के लिए निगम द्वारा प्रत्येक जोन में जनसमस्या निवारण शिविर '' निदान '' का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर काफी संख्या में नागरिकगण पहुंचकर अपनी समस्याओं को दूर करा रहे हैं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, पार्षद अनुज जायसवाल, एल्डरमेन आरिफ खान, गीता गभेल, रूपा मिश्रा, वरिष्ठ नेत्री उषा तिवारी, कुसुम द्विवेदी, दुष्यंत शर्मा आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।